Regarding statue of Chhatrapati Maharaj in Sindhudurg district

श्री विनायक भाउराव राऊत **(रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति महोदय, इस वर्ष 4 दिसंबर को नेवी डे नौदल के माध्यम से, महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अरेबियन सी में जो किला बनाया था, उस किले के सामने नेवी डे मनाया गया। इस अवसर पर देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी साहब आए थे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी आए थे और नेवी के सारे ऑफिसर्स आए थे। नेवी डे को बड़ी धूमधाम से मनाया गया और हमें भी बहुत खुशी हुई। इस नेवी डे के माध्यम से नौदल वहां आया तथा देश के प्रधान मंत्री और राजनाथ सिंह साहब वहां आएं। इसकी हमें बहुत खुशी हुई। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य की तरफ से, महाराष्ट्र शासन के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा का अनावरण भी किया जा चुका है। जहां छत्रपति शिवाजी महाराज ने 400 वर्ष पहले समुद्र में किले का निर्माण किया था, वहीं राजकोट में महाराष्ट्र सरकार ने इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का निर्माण किया और आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी साहब, आदरणीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के हाथों से उसका अनावरण करवाया। यह बहुत गर्व की बात थी और गर्व की बात भी है। लेकिन दुर्भाग्य से, मैं शून्यकाल में कहना चाहता हूं कि छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे योद्धा का, जिन्होंने सबसे पहले आर्मर का निर्माण किया था। ऐसे छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पंतप्रधान नरेन्द्र मोदी साहब और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के हाथों से अनावरण किया गया। शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के आठ दिन के बाद वहां जो बुर्ज तैयार किए थे, वे धंसने लगे। जो टाइल्स लगाई थीं, वे निकल पड़ीं। इस तरीके का घटिया काम, मेरे पास फोटो है, इस तरीके का घटिया काम महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से करके छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया।

इसके साथ-साथ अपने देश के पंत प्रधान और अपने देश के रक्षा मंत्री का भी अवमान महाराष्ट्र सरकार ने किया है।

मैं आपके माध्यम से, रक्षा मंत्री जी से महाराष्ट्र सरकार को सूचित करने की विनती करता हूँ कि भविष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज, देश के प्रधानमंत्री और देश के रक्षा मंत्री जी का अपमान करने जैसा घटिया काम नहीं होना चाहिए। इसके लिए इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

जिस ठेकेदार ने ऐसा घटिया काम किया है, उस ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।